हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

11 सिहावा रोड की बदहाली पर फूटा आक्रोश

12 जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा को मिला 'उत्कृष्ट ...


खबर संक्षेप

दूसरी दिन भी स्कूलों में छुट्टी रहेगी

धमतरी। चक्रवाती बारिश को देखते हुए गुरुवार को भी स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त सभी स्कूल बंद रहेंगे।

संशोधित अंकसूची का वितरण आज से

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी अंकसूची में नैक की स्पेलिंग में त्रुटि थी एवं जिन्होंने त्रुटिपूर्ण अंकसूची सुधरवाने हेतु अपनी अंकसूची महाविद्यालय में जमा की थी, उनकी संशोधित अंकसूची महाविद्यालय में आ चुकी है। महाविद्यालय के काउण्टर से 29 अक्टूबर से अंकसूची प्राप्त कर सकते हैं।

अंडर-13 फुटबॉल प्रतियोगिता 4 नवंबर को



धमतरी। धमतरी फुटबॉल क्लब (डीएफसी) द्वारा बालक अंडर-13 वर्ष की एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 नवंबर को पीजी कॉलेज मैदान धमतरी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न फुटबॉल क्लब और अकादमियों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और खेल कौशल निखारने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता का प्रथम मैच सुबह 7:30 बजे शुरू होगा, जबकि फाइनल मुकाबला शाम 4:30 बजे खेला जाएगा। यह जानकारी क्लब के आयोजक राजेश नारायण ने दी है।

छग में शासकीय कर्मचारियों को मिलेगी कैशलेस उपचार सुविधा

धमतरी। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस उपचार सुविधा की घोषणा से कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में लिए गए इस निर्णय को कर्मचारी हित में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चंदूलाल चंद्राकर जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बताया कि अब तक कर्मचारियों को इलाज के लिए स्वयं खर्च उठाने और बाद में चिकित्सा बिलों के भुगतान हेतु कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इससे उन्हें आर्थिक, शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कैशलेस सुविधा शुरू होने से इन समस्याओं में राहत मिलने की उम्मीद है।

काले कपड़े पहनकर निकाली रैली, नागरिक भूमि विकास मंच का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राजस्व पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार जारी है। बुधवार को हड़ताल के 16वें दिन पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। आंदोलन को नागरिक भूमि विकास मंच ने भी समर्थन दिया।

संघ का कहना है कि पीवी एप के माध्यम से फसलों का भौतिक सत्यापन करना मुश्किल है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और खेतों में जलभराव के बावजूद मौके पर जाकर सर्वे करने की बाध्यता से

16वें दिन भी जारी रही पटवारियों की हड़ताल, ज्ञापन सौंपा



राजस्व कार्य प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल के कारण बटांकन, सीमांकन, किसान पंजीयन, बंटवारा, नामांतरण तथा आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र से संबंधित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही आगामी धान खरीदी की प्रक्रिया पर भी असर पड़ने की आशंका जताई गई है। पटवारियों ने अपनी समस्याओं का समाधान करने और लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

पटवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को निरस्त करने की मांग भी उठाई गई है। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव, सचिव विकास साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष प्रवीण टिकरिया, हरीश ध्रुव मगरलोड, लक्ष्मण नरेटी कुरूद, सौरभ साहू भखारा, नोहर पटेल नगरी, द्विजराम मरकाम कुकरेल, प्रकाश साहू, राजेश चंद्राकर, चोवालाल, पन्नालाल साहू, रमेश लहरे, विमला साहू, योगिता साहू, नागरिक भूमि विकास मंच की ओर से राकेश जैन, ऋतुराज पवार, नरेन्द्र गोलछा, विकास कुमार, सुनील लुनावत, महावीर डागा, मुकेश वर्दयानी, नंदू रूपवानी, हरीश साहू आदि मौजूद थे।

मौसम का बदला मिजाज, ठंड बढ़ी, जनजीवन हुआ प्रभावित

चक्रवाती बारिश का कहर, चटाई बनी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चक्रवाती बारिश किसानों पर आफत बनकर बरस रही है। पकी, अधपकी फसल हवा और बारिश से जमीन पर सो गई है। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया है। स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग के मैदानी अमले ने किसानों को हुए नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। उधर शहर में भी बारिश से जनजीवन अस्त- व्यस्त रहा।

अरब सागर से उठा चक्रवात अर्नब धमतरी सहित पूरे छत्तीसगढ़ में एक्टिव हो चुका है। चक्रवात का असर तो मंगलवार को ही दिखने लगा था, जब



बाजार में सन्नाटा

गुरुवार को करवाचौथ का व्रत है। यह ऐसा समय है जब बाजार में रौनक होती है, लेकिन बेमौसम बारिश ने बाजार की रौनक छीन ली है। बुधवार को बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। यही नहीं करवाचौथ पर व्रती महिलाएं चांद को देखकर व्रत तोड़ती हैं। उधर मौसम विभाग ने गुरुवार को भी मौसम के खराब रहने की आशंका व्यक्त की है। ऐसे में महिलाओं को बिना चांद देखे ही व्रत तोड़ना पड़ सकता है।

आसमान पर बादल मंडराने लगे थे। बुधवार को सुबह बूंदाबांदी शुरू हुई, जो दोपहर तक जोरदार बारिश में तब्दील हो गई। इसके बाद अनवरत बारिश का सिलसिला चलता रहा।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे तक बारिश के लिए अलर्ट जारी किया है। इस बारिश के असर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंड और बारिश को देखते हुए लोग घरों में दुबके रहे। इस बेमौसम बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है, जिसके चलते घरों में अलाव जलने लगे हैं। गंगरेल बांध में अभी पानी की आवक सामान्य है। इसके बाद भी बांध की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

किसानों ने धान की कटाई रोकी

खेतों में खड़ी धान की फसल हवा, बारिश से चटाई की तरह से जमीन पर बिछने लगी है। मौसम को देखते हुए किसानों ने धान की कटाई रोक दी है। बारिश से खेतों में पानी भर गया है। वहीं हवा चलने से पौधे खेतों पर सोने लगे हैं। पकी और अधपकी फसल सभी को नुकसान हो रहा है। भटगांव, खपरी, भानपुरी सहित पूरे जिले में यही स्थिति है। अभी तो चक्रवात का असर शुरू ही हुआ है। आगे भी मौसम ऐसा ही रहता है तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उधर कृषि विभाग ने नुकसान का जायजा लेना शुरू कर दिया है।

दिनभर की बारिश से कई वार्डों में जलभराव

- रामपुर वार्ड के डबरीपारा में घरों तक घुसा पानी, ड्रेनेज की बदहाल व्यवस्था से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार की सुबह से लगातार हो रही बारिश से शहर का जनजीवन प्रभावित हो गया। कई वार्डों की सड़कों, गलियों और निचले इलाकों में पानी भर गया। कुछ घरों में पानी घुसने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं आमापारा वार्ड में बेहतर जल निकासी व्यवस्था के चलते पानी आसानी से निकल गया। बारिश से किसानों को परेशानी बढ़ी है।

रामपुर वार्ड के डबरीपारा में डबरी का जलस्तर बढ़ने से कई घरों में पानी घुस गया। कुछ मकानों में करीब एक फीट तक पानी भरने से घरेलू सामान



प्रभावित हुआ। निकासी के लिए लगी मोटर खराब होने पर रहवासियों ने स्वयं प्रयास कर एक मोटर चालू कराई और नालियों से कचरा हटाकर पानी निकासी की व्यवस्था की। देवश्री और विमल टॉकीज रोड पर पानी भरने से आवागमन बाधित रहा। रिसाईपारा सहित अन्य निचले इलाकों में भी जलभराव से नागरिकों को परेशानी हुई। पानी जमा होने से व्यापार भी प्रभावित रहा।

बठेना वार्ड के जेल रोड, श्याम नगर कॉलोनी में भरा पानी

बड़ी रेलवेलाइन निर्माण के दौरान मुख्य जल निकासी मार्ग प्रभावित होने से बठेना वार्ड के जेल रोड, श्याम नगर कॉलोनी और नहर पार क्षेत्र में पानी भर गया। रहवासियों ने अधूरे नाली निर्माण और निकासी व्यवस्था की समस्या उठाते हुए स्थायी समाधान की मांग की। आमापारा वार्ड में जलभराव नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार पाइप और बड़ी नालियों के माध्यम से पानी की निकासी होने से राहत मिली। इसे पूर्व में किए गए सुधार कार्यों का परिणाम बताया गया।

किसानों के चेहरे मुरझाए

बारिश से खेतों में खड़ी फसल को नुकसान हो रहा है। बालियां खराब होने का डर है। तेज हवा से धान की फसल जमीन में लेट गई है। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। इधर शहरवासियों ने नालियों की नियमित सफाई, मजबूत ड्रेनेज सिस्टम और अधूरे निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने की मांग की है, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

आदतन बदमाश को किया गया जिलाबदर

धमतरी। हत्या, बलवा एवं आर्म्स एक्ट सहित 9 से अधिक आपराधिक मामलों में संलिप्त आदतन बदमाश को एसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने एक वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है।

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा एवं प्रस्तुत प्रतिवेदन पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत धोबी चौक रामसागरपारा निवासी ओंकार रजक उर्फ रवि



पिता अर्जुनी उम्र 24 वर्ष के विरूद्ध जिलाबदर का आदेश पारित किया गया। उसे जिला धमतरी सहित रायपुर, दुर्ग, कांकेर, कोंडागांव एवं गरियाबंद कुल 7 जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। वर्तमान में जिला जेल में निरूद्ध होने के कारण यह आदेश उसकी जेल से रिहाई की तारीख से प्रभावशील होगी। निर्धारित अवधि में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश करना प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2025 में 11 बदमाशों व वर्ष 2026 में 3 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई हो चुकी है।

इन अपराधों में संलिप्त रहा आरोपी

आदतन बदमाश ओंकार रजक उर्फ रवि के विरूद्ध सिटी कोतवाली में वर्ष 2019 से लगातार आपराधिक गतिविधियों से संबंधित प्रकरण दर्ज है। उसके विरूद्ध हत्या, मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 5 प्रकरण तथा दंड प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत 4 प्रतिबंधात्मक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2025 में उसे सामाजिक गुंडा सूची में भी शामिल किया गया था।

140 नशीली टैबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

- स्कूटी समेत 42,800 रूपए का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत मराठापारा क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 140 नग नाइट्राजेपाम टैबलेट बरामद की गई हैं। पुलिस ने टैबलेट के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही जूपिटर स्कूटी समेत कुल 42,800 रूपए का मशरूका जब्त किया है।

जिले में अवैध मादक पदार्थों और प्रतिबंधित नशीली दवाओं के



कारोबार पर अंकुश लगाने एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सिटी कोतवाली को मुखबिर से मराठापारा क्षेत्र में एक युवक के प्रतिबंधित नशीली टैबलेट के अवैध परिवहन और बिक्री में संलिप्त होने की मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी कर संदेही को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान हरे रंग की पॉलीथिन में रखी 14 स्ट्रिप में कुल 140 नाइट्राजेपाम टैबलेट बरामद हुई। औषधि निरीक्षक सुमीत देवांगन ने मौके पर टैबलेट का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें उनका कुल वजन 1.4 ग्राम बताया गया। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त जूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी-05-एएम-0310 को भी जब्त कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 140 नशीली टैबलेट अनुमानित कीमत 2,800 रुपए, जूपिटर स्कूटी सीजी-05-एएम-0310 अनुमानित कीमत 40,000 रुपए कुल 42,800 रुपए की सामग्री जब्त की है।

आरोपी गिरफ्तार, सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशेष शर्मा पिता संतोष शर्मा उम्र 22 वर्ष मराठापारा धमतरी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर टैबलेट की सप्लाई के स्रोत और मामले से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।



आजीविका डबरियों से महिलाओं की आय बढ़ाने की पहल

55 महिलाएं सीएसआर के सहयोग से मत्स्य उत्पादन से जुड़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और गांवों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से धमतरी जिले में आजीविका डबरियों को आय संवर्धन का माध्यम बनाया जा रहा है। वीबी जी-राम- जी योजनांतर्गत आजीविका डबरियों को जलनिधि के रूप में विकसित कर उनमें झींगा एवं मछली पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस पहल के तहत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सहयोग से 55 महिलाओं को मत्स्य उत्पादन गतिविधियों से जोड़ा गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपने गांव में ही अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई है। इसी कड़ी में 90 आजीविका डबरियाँ और बनाई जा रही है।



प्रति डबरी औसतन 50 हजार रुपये लाभ का अनुमान

झींगा एवं मछली पालन को एक साथ बढ़ावा देने से उपलब्ध जल संसाधनों का उपयोग उत्पादन और आजीविका संवर्धन के लिए किया जा सकेगा। इस पहल के माध्यम से आगामी छह माह में प्रति डबरी औसतन 50 हजार रुपये लाभ प्राप्त होने का अनुमान है। यह अनुमानित लाभ है, जिसका वास्तविक परिणाम उत्पादन, जल की गुणवत्ता, पालन प्रबंधन, बाजार मूल्य और बिक्री पर निर्भर करेगा। मछलियों की वृद्धि 800 ग्राम से 1 किलोग्राम तक दर्ज की गई है।

महिलाओं को मिलेगा आय का अतिरिक्त साधन

आजीविका डबरियों के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने से महिलाओं को पारंपरिक आजीविका गतिविधियों के साथ आय का एक अतिरिक्त विकल्प मिल सकता है। स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने से महिलाओं को अपने गांव में ही आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

प्रत्येक आजीविका डबरी में 1,600 झींगा तथा 320 भारतीय प्रमुख कार्प (इंडियन मेजर कार्प-आईएमसी) मछलियों के बीज डाले गए हैं।

स्थायी आजीविका और महिला सशक्तिकरण पर जोर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध जल संसाधनों का योजनाबद्ध उपयोग कर महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। आजीविका डबरियों में झींगा एवं मछली पालन की पहल से महिलाओं को गांव में ही आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

स्थानीय जल संसाधनों का सदुपयोग

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आजीविका के स्थायी अवसर विकसित करना आवश्यक है। वीबी जी-राम- जी योजनांतर्गत आजीविका डबरियों को उत्पादन गतिविधियों से जोड़ना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सीएसआर के सहयोग से 55 महिलाओं को मत्स्य उत्पादन से जोड़कर स्थानीय जल संसाधनों का सदुपयोग किया जा रहा है।

खबर संक्षेप



सट्टा-पट्टी लिखते सटोरिया गिरफ्तार

धमतरी। सिटी कोतवाली पुलिस ने रामसगरी गार्डन में सट्टा-पट्टी लिख रहे एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से रामसगरी गार्डन में सट्टा-पट्टी लिखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां एक व्यक्ति रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते हुए मिला। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुवीर सिंह ठाकुर पिता विजय सिंह ठाकुर उम्र 36 वर्ष रामसागरपारा धमतरी निवासी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक सट्टा-पट्टी, दो मोबाइल फोन और 2,250 रुपए नकद बरामद किए। जब्त दो मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 13,000 रुपए बताई गई है। नकदी और अन्य सामग्री सहित कुल जब्ती की कीमत 15,250 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी रघुवीर सिंह ठाकुर के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6(क) के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

पाइप लाइन में लीकेज, व्यर्थ बह रहा पानी

डाही(धमतरी)। ग्राम पंचायत डाही में पिछले एक सप्ताह से टाइम नल से पानी व्यर्थ पानी बह रहा है। पानी सप्लाई के लिए लगाई गई पाइप लाइन पिछले सप्ताह टूट गई है, जहां से पानी बह रहा है। मरम्मत नही होने से पानी की बर्बादी हो रही है। मरम्मत को लेकर ग्राम पंचायत के पदाधिकारी गंभीर नहीं है। बड़ी मात्रा में पानी बह जाने के कारण नलों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे ग्रामीणों को जरुरत के अनुसार पानी नही मिल पाता। ग्रामीणों ने टूटे हुए पाइप व लीकेज की मरम्मत की मांग की है।

समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

ज्ञानचंद उम्र 51 वर्ष पिता बिसहत जाति सतनामी निवासी ग्राम-भालूकोना, तह. कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) ..... शपथकर्ता

शपथ-पत्र

शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता हैं :-

1. यह कि मै शपथकर्ता का नाम पता व सकुनत ऊपर लिखे अनुसार सत्य एवं सही हैं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड (4238 1346 8666) में मेरा नाम ज्ञानचंद दर्ज है तथा मेरे द्वारा संचालित एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा कुरूद के पासबुक के खाता क्र.50100154770170 में मेरा नाम ज्ञानचंद कुर्रे (GYANCHAND KURRE) दर्ज है।
3. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त नाम ज्ञानचंद व ज्ञानचंद कुर्रे (GYANCHAND KURRE) दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है तथा दोनों नामों से मैं जाना व पहचाना जाता हूं।
4. यह कि मेरे द्वारा मेरे नाम के बारे में दी गई उपरोक्त जानकारी सही व सत्य है तथा मुझे मेरे नाम के संबंध में इस शपथपत्र की मांग की गई है। जिस हेतु मैं यह शपथपत्र पेश कर रहा हूं।

अतः शपथ पत्र पेश है।

दिनांक :-07/10/2026

शपथकर्ता
ज्ञानचंद कुर्रे
पिता-बिसहत
(GYANCHAND KURRE)
निवासी ग्राम-भालूकोना, तह. कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

बैटरियों के प्रतिस्थापन से सौर ऊर्जा संयंत्र के सुचारु संचालन को मिलेगा संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में सौर ऊर्जा जैसी स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा सुविधाओं का प्रभावी संचालन करने के लिए समय-समय पर रखरखाव आवश्यक है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा ग्राम जोरातराई के सड़कपारा में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र की बैटरियों का प्रतिस्थापन किया गया है। इस कार्य से संयंत्र की ऊर्जा भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्थानीय ग्रामीणों को सौर ऊर्जा सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

सौर ऊर्जा संयंत्रों में बैटरियां उत्पादित ऊर्जा के भंडारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैटरियों की क्षमता कम होने से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में समय पर उनका प्रतिस्थापन संयंत्र के बेहतर संचालन और उसकी उपयोगिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। ग्राम जोरातराई के सड़क पारा में क्रेडा द्वारा किया गया यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध ऊर्जा सुविधा के रखरखाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

जोरातराई के सड़कपारा में सौर ऊर्जा व्यवस्था के रखरखाव की पहल

क्रेडा के प्रयास से स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा

ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के संचालन एवं संधारण पर ध्यान दिया जा रहा है। बैटरियों का प्रतिस्थापन इसी प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थापित ऊर्जा प्रणालियों की उपयोगिता बनाए रखना और हितग्राहियों तक सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग शासन द्वारा ग्रामीण विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अनुरूप ऐसी पहल महत्वपूर्ण है।





ग्रामीण परिवारों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगी ऊर्जा सुविधा

सौर ऊर्जा व्यवस्था के सुचारु संचालन से ग्रामीण परिवारों को प्रकाश संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से शाम और रात्रि के समय बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों तथा अन्य दैनिक गतिविधियों के लिए प्रकाश की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी सुविधाएं जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने के साथ ही शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में भी सहायक होती हैं।

लालाराम के नेतृत्व में प्रदर्शन, 1700 करोड़ के बकाया भुगतान और 3358 रुपए समर्थन मूल्य की मांग

जिले से 90 वाहनों का काफिला लेकर गर्जना रैली में पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय किसान संघ के बैनरतले 27 अक्टूबर को रायपुर के नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर आयोजित अन्नदाता गर्जना रैली में जिले के करीब 1500 किसान शामिल हुए। जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के नेतृत्व में 90 वाहनों का काफिला रैली में पहुंचा। किसानों ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कृषि संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

प्रदर्शन के बाद किसान महानदी भवन मंत्रालय का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इससे नाराज किसान सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन के बाद किसानों ने संबंधित अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिलने के बाद वे लौट गए। प्रदर्शन में किसानों ने खदानों के मुद्दे पर भी विरोध जताया।



बकाया भुगतान और समर्थन मूल्य प्रमुख मांग

जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि घोषणा के बावजूद किसानों को पूरा भुगतान नहीं मिला है। किसानों ने वर्ष 2022-23 की धान खरीदी का बकाया 1700 करोड़ रुपये तत्काल देने तथा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3358 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। अन्य मांगों में धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर से 15 फरवरी तक निर्धारित करना, तौल सीमा 40 किलो 700 ग्राम तय करना और बड़े, लघु व सीमांत किसानों को क्रमशः पांच, तीन और दो टोकन देना शामिल है। किसानों ने बाढ़ प्रभावित फसलों का सर्वे कर मुआवजा देने, अधूरी सिंचाई परियोजनाएं पूरी करने और पैरी हाईडैम को मंजूरी देने की मांग भी रखी।

गौ संरक्षण से लेकर फसल खरीदी तक के मुद्दे

किसानों ने गौवर्धन योजना लागू करने, गौ आधारित खाद को बढ़ावा देने, निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेचने वालों पर कार्रवाई, भूमि अधिग्रहण में उदयपुर घोषणा का पालन तथा मक्का गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग उठाई। फल-सब्जी उत्पादकों को कृषक उन्नति योजना से जोड़ने की मांग भी शामिल रही।

दरगहन एनीकट टूटने से आवागमन अवरुद्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

विगत माह पहले महानदी में बाढ़ आई थी। इससे दरगहन एनीकट टूटने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। सरपंच, ग्राम पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा तथा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से से एनीकट की मरम्मत एवं आवागमन प्रारंभ करने वैकल्पिक सड़क बनाने की मांग की थी। लेकिन महीना बीतने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दरगहन सरपंच श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव तथा ग्राम पटेल हेमूराम निषाद ने बताया कि मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध है। स्कूली बच्चे 15 किमी की अतिरिक्त दूरी तय कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने एनीकट की मरम्मत करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

जिला मुख्यालय में राज्योत्सव 2 नवंबर को

धमतरी। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं राज्योत्सव 2026 के अवसर पर 2 नवंबर सोमवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। राज्योत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ की स्थापना, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली परंपराओं तथा विकास यात्रा को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इस अवसर पर राज्य की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करने के साथ ही स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गयी है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिपं सीईओ जयंत नाहटा हैं। कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, गौरवशाली परंपराओं और विकास की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकासपरक पहलों को जनसामान्य तक पहुंचाने के साथ प्रदेश की अस्मिता, सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा के प्रति गौरव एवं जनभागीदारी की भावना को और सुदृढ़ किया जाएगा।



- कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे मुख्य अतिथि

अंचल की खबरें

चक्रवाती तूफान अर्नब से फसल को क्षति





डाही(धमतरी)। डाही सहित आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती तूफान अर्नब और आने वाले दिनों में संभावित खराब मौसम व भारी बारिश की आशंका को देखते हुए किसान पक चुके धान की कटाई में जुट गए हैं। लेकिन पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान जल्द से जल्द धान की कटाई कर फसल को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र के कई किसानों ने धान की कटाई कर फसल को खेतों में ही करपा बनाकर रखा है। लगातार बदलते मौसम के कारण उन्हें धान के भीगने और खराब होने का डर सता रहा है। किसानों के अनुसार इस वर्ष धान पकने के बाद पहले भूरा माहो और चापा नामक बीमारियों ने परेशान किया। अब दशहरा पर्व के बाद चक्रवाती तूफान अर्नब और बारिश ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

छाती में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के लिए 36 लाख स्वीकृत

पुरी। ग्राम छाती के जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र के स्थान पर नवीन भवन निर्माण के लिए 35 से 36 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष पालनहार दिली ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के समक्ष यह मांग रखी थी तथा आवेदन सौंपा था। इस पर मंत्री ने जल्द निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। अब राशि स्वीकृत होने से ग्रामवासियों में खुशी है। नवीन भवन बनने से ग्राम छाती सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। इससे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित अन्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। पालनहार दिली ने इस स्वीकृति के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया है।



- पालनहार दिली के प्रयास से स्वास्थ्य सुविधा विस्तार की दिशा में पहल

छात्राओं ने दिया सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश



धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में आयोजित सात दिवसीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 अंतर्गत दूसरे दिन छात्राओं के लिए पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सतर्कता, पारदर्शिता, ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तथा प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। छात्राओं ने भ्रष्टाचार को ना कहें, सतर्कता को हां कहें तथा सतर्कता ही सुरक्षा है जैसे संदेशों के जरिए सत्यनिष्ठ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्राओं की रचनात्मकता एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में नैतिक मूल्यों, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शासकीय कार्यालयों में वर्षों से जमे कर्मचारी, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

- कार्य विभाजन और स्थानांतरण की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के विभिन्न शासकीय विभागों में कई कर्मचारी पिछले लगभग 10 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ होकर सेवाएं दे रहे हैं। इनमें बाबू, चपरासी सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। तहसील कार्यालय, विकासखंड शिक्षा कार्यालय, नगर पंचायत नगरी, वन विभाग, मंडी नगरी, डाइट नगरी, जनपद पंचायत, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, आईटीआई नगरी, सहकारी सोसायटी, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग सहित कई कार्यालयों में कर्मचारियों की लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापना को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शासन और जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्य विभाजन एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन कई कार्यालयों में इनका प्रभावी पालन नहीं होने की चर्चा है। आरोप है कि कुछ कर्मचारियों को लंबे समय से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल रही हैं, जबकि आम नागरिकों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। एक नागरिक ने काम नहीं होने पर कई बार कार्यालय जाने की बात कही है। नागरिकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों की सूची तैयार कर समीक्षा करने तथा नियमानुसार स्थानांतरण और कार्य विभाजन की मांग की है।

नारद राम मांझी ने लगभग दो माह पहले ही जनपद पंचायत नगरी के सीईओ की जिम्मेदारी संभाली थी। इतने कम समय में उनके पद से हटाए जाने के निर्णय को लेकर कुछ लोगों में हैरानी है। स्थानीय लोगों के एक वर्ग का कहना है कि समय-समय पर स्थानांतरण से न केवल विभागीय कार्यों में सुधार आएगा, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर और निष्पक्ष सेवाएं प्राप्त होंगी। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर कितना गंभीर कदम उठाते हैं।

सेवा संकल्प शिविर के बाद प्रशासनिक कार्रवाई चर्चा में

8 अक्टूबर को नगरी में आयोजित जिला स्तरीय सेवा संकल्प शिविर में सरपंचों के बैठने की व्यवस्था को लेकर हुए विवाद के बाद प्रशासनिक कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। इस घटनाक्रम के बाद नगरी के एसडीएम के साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारद राम मांझी को भी पद से हटाए जाने की खबर सामने आई।

एसडीएम ने कहा : कार्रवाई के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी को पत्र जारी

किराना दुकानों तक पहुंच रहे पटाखे, अवैध भंडारण और बिक्री पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



दीपावली और धनतेरस का पर्व नजदीक आते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री तेज होने लगी है। नगर की कई बड़ी दुकानों के साथ-साथ छोटे-छोटे किराना दुकानों में भी विभिन्न प्रकार के पटाखों की बिक्री और अवैध भंडारण की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय स्तर पर पॉप पटाखा (लहसुन), छोटे-बड़े टॉप टाइगर बम, टाइगर बम की विभिन्न किस्में, लड़ी पटाखा, माचिस पटाखा, चुरचुटिया सहित अन्य प्रकार के पटाखों की बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। आरोप है कि कुछ दुकानों में पटाखों का भंडारण और बिक्री निर्धारित नियमों तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बिना की जा रही है। पटाखे ज्वलनशील एवं विस्फोटक प्रकृति के होने के कारण इनके भंडारण और बिक्री में सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। किराना दुकानों में खाद्य सामग्री के साथ पटाखों का भंडारण किए जाने से आगजनी जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में दुकानों की जांच कर यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि पटाखों का भंडारण और बिक्री नियमानुसार हो रही है या नहीं।

दीपावली के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग से नगरी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पटाखों की बिक्री करने वाली दुकानों की जांच करने की मांग की जा रही है। दुकानों में रखे पटाखों के भंडारण, बिक्री संबंधी वैध दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई गई है।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201





खबर संक्षेप



मोर मितान अभियान के 11 बीट आरक्षक सम्मानित

कांकेर। मोर मितान कांकेर पुलिस अभियान के तहत पुलिस लाइन कांकेर में बीट आरक्षकों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्रीनारायण मीणा एवं एसपी निखिल राखेचा ने बीट पुलिसिंग की समीक्षा कर अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सामुदायिक पुलिसिंग मजबूत करने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 बीट आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कलार महोत्सव के लिए तैयारी बैठक आज होगी

कांकेर। प्रदेश स्तरीय कलार महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग की बैठक 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे स्थानीय सामाजिक भवन अलबेलापारा में आयोजित होगी। बैठक संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र के नेतृत्व में होगी, जिसमें संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों, महिला प्रभाग, युवा संगठन, कर्मचारी प्रकोष्ठ तथा ब्लॉक अध्यक्षों और सचिवों सहित सुरोजिया कलार समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा, आयोजन स्थल, तिथि निर्धारण, अतिथियों की सूची और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

गोडपाल नाला पुल निर्माण का आज होगा भूमिपूजन

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडपाल एवं चाउरगांव क्षेत्र में गोडपाल नाला पुल के सेतु निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज गुरुवार 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र के सांसद, विशेष अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोडपाल सरपंच ललेश्वरी जोहन उड़के करेंगी।

बस्तर ओलंपिक के लिए 30 तक होंगे पंजीयन

दुर्गूकोंदल। बस्तर ओलंपिक 2026 के तहत दुर्गूकोंदल विकासखंड में 3 और 4 नवंबर को उन्मुक्त खेल मैदान में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 3 नवंबर को जूनियर और 4 नवंबर को सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में 11 खेल विधाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी 30 अक्टूबर तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन कर प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की गई है।

व्यापारियों और एनएसयूआई ने किया चक्काजाम

सिहावा रोड की बदहाली पर फूटा आक्रोश

- एफसीआई चौक पर आधे घंटे थमी आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा चौक से कोलियारी तक सड़क की बदहाल स्थिति अब लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन गई है। जगह-जगह गड्ढे, उड़ती धूल और कीचड़ से परेशान व्यापारियों, राहगीरों और नागरिकों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। समस्या के निराकरण की मांग को लेकर एनएसयूआई ने जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में व्यापारियों और आसपास के रहवासियों के साथ एफसीआई चौक पर चक्काजाम कर दिया। इससे करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम में राजा देवांगन, गीतराम सिन्हा, साहिल अहमद, शकील अहमद, नमन बंजारे, संजू साहू, रियाज अहमद, यश चंद्राकर, गौरव मानिकपुरी, आशिफ भाटी, मयंक साहू, रोशन, रजा, शुभम साहू, लालू बंजारे, अनश रजा, सोहेल रजा, बाबा, मयंक अधोरिया और हर्षदीप सिंह सिध्दू सहित सिहावा मार्ग के व्यापारी एवं आसपास के रहवासी मौजूद रहे।



चार महीने से परेशानी झेल रहे लोग

सिहावा रोड पर पिछले चार महीनों से सड़क की बदहाली लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। धूल के गुबार से दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों का हाल बेहाल है। व्यापारियों के अनुसार, दुकानों में धूल भरने से ग्राहकी भी प्रभावित हो रही है। वहीं गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कराया जा रहा है। इसके बावजूद सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही थी।

आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन

समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की और सड़क की तत्काल मरम्मत कराने तथा धूल से राहत दिलाने की मांग उठाई। मौके पर मौजूद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आंदोलन समाप्त कराने का प्रयास किया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी के एसडीओ एमडी पैकरा और नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर गड्ढों को भर दिया जाएगा। साथ ही टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। आंदोलन के दौरान शव वाहन को रास्ता देकर प्रदर्शनकारियों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय भी दिया।

पांच गांवों के ग्रामीण करेंगे जेल भरो आंदोलन



- बीट बंटवारे और वन अधिकार से जुड़ी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बीट बंटवारे और वन अधिकार से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर पांच ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने सामूहिक जेल भरो आंदोलन करने का निर्णय लिया है। 24 अक्टूबर को ग्राम उमरादेहान स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया स्मारक स्थल पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार बीट कक्ष क्रमांक के आधार पर नियमानुसार बीट बंटवारा नहीं होने के विरोध में 8 अक्टूबर को चक्काजाम किया गया था। उस दौरान समस्याओं के निराकरण के लिए 20 दिनों का समय मांगा गया था, जिसकी समयसीमा 28 अक्टूबर को समाप्त हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कौहाबाहरा क्षेत्र के दुगरी में बीट कक्ष क्रमांक के अनुसार नियमानुसार बंटवारा नहीं होने से नाराजगी है। प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं वन मंडलाधिकारी कार्यालय धमतरी द्वारा प्रकरण क्रमांक 52 में आदेश पारित होने के बावजूद अब तक निष्पक्ष निराकरण नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर पांच ग्राम पंचायतों के परिवारजनों और मवेशियों सहित जेल भरो आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान कानून-व्यवस्था या जन-धन की हानि होने पर शासन, वन विभाग और पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

सिंगपुर में जुटेंगे 38 गांवों के गोंड़ समाज के पालक



- 31 अक्टूबर को शिक्षा पर होगा मंथन, करियर काउंसलिंग पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मारागांव क्षेत्र के आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा बच्चों की शिक्षा में सुधार और पालकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर को सिंगपुर में शिक्षा बर गोठ बात कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें 38 गांवों के पालक शामिल होंगे। इसके लिए गांवों में एक दिन कामकाज बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम की तैयारी के लिए समाज प्रमुख गांव-गांव बैठक कर रहे हैं। बैठकों में बच्चों की पढ़ाई, पालकों की जिम्मेदारी और विद्यालयों की व्यवस्था बेहतर बनाने पर चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में नीपा दिल्ली की डॉ. काश्यपी अवस्थी, डॉ. आलोक शर्मा और यूपीएससी में चयनित डायमंड ध्रुव सहित अन्य विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।

क्षेत्र में बेरोजगारी को देखते हुए कौशल विकास प्रशिक्षण और कैरियर काउंसलिंग पर भी जोर दिया जाएगा। समाज द्वारा विद्यार्थियों को करियर संबंधी ब्रोसर वितरित किए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता की मिसाल बनने की उम्मीद है।



छात्राओं को दी माहवारी स्वच्छता की जानकारी

धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में प्राचार्य एमके ठाकुर के निर्देशन तथा बी पदमा राजेश के मार्गदर्शन में माहवारी स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत महिला क्लस्टर संगठक दुर्गेश्वरी साहू, कांति साहू पोषण सखी, रुक्मणि साहू, सुब्या साहू द्वारा निःशुल्क पैड वितरण किया गया तथा माहवारी स्वच्छता की जानकारी दी गई। पाक्सो अधिनियम की जानकारी छात्रों को दी गई।

बाहरी व्यक्तियों के पुलिस सत्यापन की मांग



- जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर और ग्रामीण क्षेत्र में किराये पर रहने वाले बाहरी व्यक्तियों, मजदूरों और फेरीवालों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने की मांग की गई है। इस संबंध में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष निखिलेश देवान ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि पिछले कुछ समय से जिले में अन्य क्षेत्रों और राज्यों से आकर रहने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन आवश्यक है, ताकि पहचान छिपाकर रहने वाले असामाजिक और आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

पार्टी ने मांग की है कि शहर और ग्रामीण थाना क्षेत्र में मकान मालिकों तथा व्यापारिक संस्थानों को बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन कराने के लिए निर्देशित किया जाए। साथ ही थाना स्तर पर विशेष अभियान चलाकर नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर सोमन राम, टोमराज देवांगन, डोमेश्वर साहू, यादराम, शेषकुमार, कुंजलाल, युमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्थानीय बाजार से खरीदारी कर व्यापार को दें बढ़ावा

धमतरी। त्योहारों के मौसम में स्थानीय व्यापार, रोजगार और बाजार की रौनक बढ़ाने के उद्देश्य से धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नागरिकों से स्थानीय दुकानों से खरीदारी करने की अपील की है। चेंबर ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी से पहले अपने शहर के बाजार में जाकर सामान, कीमत और गुणवत्ता की तुलना जरूर करें।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज के धमतरी जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने कहा कि स्थानीय बाजार से खरीदारी करने पर व्यापारियों, कर्मचारियों और उनसे जुड़े परिवारों की आजीविका को सहारा मिलता है। प्रदेश सचिव आलोक पांडे ने कहा कि ग्राहकों को ऑनलाइन छूट के दावों के बजाय वास्तविक कीमत और गुणवत्ता देखकर निर्णय लेना चाहिए।

प्रदेश महामंत्री रमेश ने कपड़े और फैशन की खरीदारी में स्थानीय दुकानों को प्राथमिकता देने की बात कही। सुरेश महावर और सत्यनारायण राठी ने भी स्थानीय व्यापार को मजबूत बनाने का आग्रह किया। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि स्थानीय खरीदारी से त्योहार की खुशियां व्यापारियों तक भी पहुंचती हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक राजा रोहरा ने स्थानीय व्यापार को शहर की खुशहाली और रोजगार का आधार बताया।

बच्चों के विकास में परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

- डांडेसरा में बाल मेला का हुआ आयोजन

ग्राम डांडेसरा में बाल मेला का आयोजन किया गया। नव चेतना कार्यक्रम के तहत आयोजित मेले में बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई। अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों को सीखने के लिए महंगे संसाधनों की जरूरत नहीं है।

घर में उपलब्ध वस्तुओं, परिवार के सदस्यों से बातचीत और खेल गतिविधियों के जरिए भी उनके विकास को बढ़ाया जा सकता है। बच्चों को आसपास के वातावरण में परिचित कराने और गतिविधियों में शामिल करने से उनकी भाषा, सोच और समाजिक समझ विकसित होती है। बाल मेले में कुर्सी दौड़, रूमाल झपट्टा और व्यंजन प्रतियोगिता भी हुई। इससे ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ी और बच्चों के विकास में परिवार की भूमिका का संदेश दिया गया। बाल मेला का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक बौद्धिक, भाषा और सामाजिक-भावनिक विकास को बढ़ावा देना, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा और अच्छी आदतों से जोड़ना, माता-पिता और समुदाय को आंगनबाड़ी की गतिविधियों व बच्चों की प्रगति से अवगत करना है।

इस अवसर पर कुरूद जनपद सदस्य चित्रलेखा ध्रुव, ग्राम पटेल अंगद राम साहू, सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, सचिव देवव्रत साहू पूर्व सरपंच बाहरू राम ध्रुव, रोजगार सहायक एमंत कंवर, टिकेश्वर साहू, ईसीसी ई ट्रेनर प्रफुल्ल दास मानिकपुरी, सुपरवाइजर मोनिका साहू, ट्रेनर कल्पना प्रजापति, आंबा कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, तीजन साहू, नीतू जोशी, सहायिका दीक्षा सोनवानी, हेमलता कंवर सहित अभिभावक महिलाएं उपस्थित थीं।



जोरातराई अं में हुई शिक्षक-पालक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरातराई अं में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम और आगामी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी, जिले का मिशन 95 प्रतिशत वर्षिक परीक्षा परिणाम लाने पर चर्चा की गई।

छात्रों से पालकों के सामने समस्या एवं आगामी परीक्षा में टार्गेट प्रतिशत पूछा गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश तारक ने पालकों से कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष मनोज निषाद, सदस्यगण देवनारायण, मनीराम कुर्रे, गायत्री साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।



युवा अपनी क्षमता और दक्षता पहचानें : अरुण

- युवा विकास और व्यक्तित्व विकास पर हुआ एक दिवसीय युवा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ एवं धमतरी तहसील ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में युवा विकास और व्यक्तित्व विकास को लेकर एक दिवसीय युवा सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मातृशक्ति महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जागृति साहू एवं रुक्मणि साहू तहसील उपाध्यक्ष की उपस्थिति रही। अध्यक्षीय उद्बोधन में चिरौंजी साहू ने युवाओं को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ दयाराम साहू ने सोशल मीडिया के लाभ और नुकसान की जानकारी देते हुए इसके विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू ने सामाजिक संगठन और उसकी संरचना पर विचार रखे। मुख्य वक्ता मंशु साहू ने पेरेंटिंग कोचिंग और दैनिक दिनचर्या के महत्व पर प्रेरक उद्बोधन दिया। इमरान साहू ने कुशल उद्यमी बनने, नेचुरल प्रोडक्ट को बढ़ावा देने की बात कही। जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू ने परिवार में संस्कार बनाए रखने तथा नशे से दूर रहने की अपील की।

समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता और दक्षता पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए। युवा समाज और राष्ट्र की शक्ति है। युवाओं को सामाजिक एकता, अखंडता और भाईचारा बनाए रखने के साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आगे आकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कुमारी पूर्वा साहू ने किया।





खबर संक्षेप

पूर्व विधायक राजमन ने किया जनसंपर्क



जगदलपुर। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने बास्तानार विकासखंड के ग्राम कुचेपाल, बोदेनार और बड़े काकलुर में जनसंपर्क कर ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समस्याओं, विकास कार्यों और क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों पर चर्चा की। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सामने रखा। वहीं, कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान जनपद सदस्य बेड़ता पोयाम काकलुर के सरपंच रविन्द्र मरकाम कुचेपाल सरपंच दिनेश पोड़ियाम,उपसरपंच बुधराम,बुदु पोयाम एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कुपेर में महिलाओं को मिला वनोपज प्रसंस्करण का प्रशिक्षण

गीदम। एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक द्वारा ग्राम कुपेर में वनोपज प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन और ऋतुराज चंद्राकर के समन्वय में हुए इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं व युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना था। इसमें ग्रामीणों को महुआ और इमली के वैज्ञानिक संग्रहण, पैकेजिंग व विपणन की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक खेमलता ठाकुर ने खाद्य स्वच्छता और रजिया शेख ने उत्पाद विकास पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। सुरेश कुमार और प्रवीण कुमार निषाद ने सोलर ड्राइंग तकनीक व सुरक्षित भंडारण के गुर सिखाए।

चक्रवात और भारी बारिश की आशंका से बस्तर में अलर्ट, प्रशासन सक्रिय

जगदलपुर। मौसम विभाग द्वारा 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, मूसलाधार बारिश और जलभराव की चेतावनी जारी करने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सजगता बरतने सहित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए समुचित तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा कक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना ने निर्देशित किया कि पूर्व तैयारी आपदा के अनुमान से कहीं अधिक मजबूत होनी चाहिए, ताकि जनहानि न हो और जीरो कैजुअल्टी सुनिश्चित किया जा सके।बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन के तहत विशेष रूप से अत्यधिक संवेदनशील इलाकों से नागरिकों को समय रहते राहत शिविरों में पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। स्वास्थ्य अमले को हाई अलर्ट पर रखते हुए सभी अस्पतालों में पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी मानवीय संकट को टालने के लिए प्रसव की संभावित तारीख वाली गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को पहले से ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में शिफ्ट किया जा रहा है। बुनियादी सेवाओं को सुचारु रखने के मकसद से बिजली और दूरसंचार विभागों को विशेष मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम ने किया मसानडबरा की विकास यात्रा पर मैगजीन का विमोचन

जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा को मिला 'उत्कृष्ट कृषक रत्न सम्मान'





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी/धमतरी

कृषि क्षेत्र में नवाचार और विशेष रूप से सब्जी उत्पादन के माध्यम से किसानों को प्रेरित करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा संघठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने उत्कृष्ट कृषक रत्न सम्मान से सम्मानित किया। 27 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के सर्किट हाउस सिविल लाइन में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए उत्कृष्ट किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में 34 कमार जनजातीय परिवारों के लिए निर्मित आवासीय कॉलोनी की विकास यात्रा पर आधारित मैगजीन पीएम जनमन योजना : आवासीय कॉलोनी मसान डबरा (सांकरा)- बदलाव की कहानी का विमोचन भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव, वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, मनहरण पांडेय स्मृति संस्थान के प्रमुखजनों ने किया। यह आयोजन भाजपा किसान मोर्चा छग तथा मनहरणलाल पाण्डेय स्मृति संस्थान छग द्वारा किया गया।

योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मैगजीन के महत्व पर कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक सफलता तब दिखाई देती है, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जनजातीय परिवारों के जीवन में आए बदलाव को दस्तावेज के रूप में सामने लाने वाले ऐसे प्रयास विकास की उपलब्धियों को समझने और दूसरे क्षेत्रों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सम्मान जिम्मेदारी बढ़ाता है

अरुण सार्वा ने कहा कि उत्कृष्ट कृषक रत्न सम्मान उनके लिए गौरव के साथ किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और बेहतर ढंग से निभाने की प्रेरणा है। कृषि में नवाचार और सब्जी उत्पादन के माध्यम से किसानों को नई दिशा देने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। मसानडबरा में 34 कमार परिवारों के लिए आवासीय कॉलोनी का निर्माण केवल घर बनाने तक सीमित प्रयास नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य परिवारों को सुरक्षित आवास, बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन का आधार उपलब्ध कराना है।

नवाचार आधारित खेती को प्रोत्साहन

मसानडबरा की बदलाव यात्रा अब मैगजीन में दर्ज

कार्यक्रम का दूसरा प्रमुख आकर्षण मसान डबरा कॉलोनी पर तैयार मैगजीन का विमोचन रहा। पत्रकार गोपी किशन कश्यप की पहल पर तैयार इस प्रकाशन में 34 कमार जनजातीय परिवारों की पुरानी आवासीय परिस्थितियों से लेकर पक्के मकानों और व्यवस्थित आवासीय परिसर तक की यात्रा को चित्रों और विवरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। मैगजीन में आवास निर्माण, कॉलोनी की रूपरेखा, सड़क, पेवर ब्लॉक, फेंसिंग, केंद्रीय गार्डन, पेयजल, बिजली, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं से जुड़े पहलुओं को स्थान दिया गया है। अंतिम पृष्ठ पर मसानडबरा को केवल मकानों के निर्माण तक सीमित न मानते हुए संकल्प, जनभागीदारी, सहयोग और निरंतर प्रयासों से 34 परिवारों के जीवन में बदलाव लाने वाली पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

भीड़तंत्र और लोकतंत्र के अंतर को समझना जरूरी : पं. शर्मा



- कुर्रा में भाजपा रांवा मंडल की हुई कार्यशाला, लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम कुर्रा में भाजपा रांवा मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ था।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा शामिल हुए। श्री शर्मा ने कहा कि एक तरफ भाजपा राजनीति में युवाओं की भूमिका बढ़ाने के अभियान पर है, दूसरी तरफ वाम विचारधारा भीड़ इकट्ठी कर अराजकता फैलाकर इसे लोकतंत्र का नाम देकर अपने घिनौने षड्यंत्र को सफल करना चाहती है। पं राजेश ने कहा कि ऐसे में भीड़तंत्र और लोकतंत्र के बीच का अंतर, अधिकार और कर्तव्य के फर्क को समझना जरूरी है। भीड़तंत्र की ताकत क्षणभंगुर है, जो श्रीलंका, बांग्लादेश में दिखा। लोकतंत्र की ताकत सनातन है और यह भारत में सदा थी, सदा रहेगी। कार्यशाला के संयोजक कविंद्र जैन ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जिसने आपातकाल की काली रात में लोकतंत्र की हत्या कर संविधान संशोधन किया, वे आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालाराम साहू, दमयंती साहू, खूबलाल ध्रुव, केशव साहू, चिरौंजी साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

ग्राम डोमा और अछोटा में 71.70 लाख के उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की पहल

- महापौर रामू रोहरा की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द स्वीकृति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आम नागरिकों को



बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महापौर रामू रोहरा ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने ग्राम डोमा एवं अछोटा में नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन के निर्माण की मांग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों निर्माण कार्यों को जल्द स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया है।

ज्ञात हो कि ग्राम डोमा में 35.85 लाख रुपये की लागत से नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन और अछोटा में 35.85 लाख रुपये की लागत से नए उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इस तरह दोनों गांवों में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास के लिए कुल 71.70 लाख रुपये के निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इन कार्यों की स्वीकृति मिलने से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ेगा।

एकलव्य विद्यालय पथरीडीह में राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

- खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास : अंगिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथरीडीह में 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के



विभिन्न एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंगिरा ध्रुव ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। खेल में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, मेहनत और निरंतर अभ्यास है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें।

आगे कहा कि जनजातीय अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थियों को उचित अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रकला नेताम, एकलव्य आदर्श विद्यालय के प्राचार्य नीरज त्यागी, सहायक आयुक्त विमल साहू एवं सभी शिक्षकगण, खेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

6 नवंबर को धनतेरस, 8 को दीपावली और 10 को गोवर्धन पूजा

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस, 8 नवंबर को दीपावली एवं महालक्ष्मी पूजन, 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव, 11 नवंबर को यम द्वितीया एवं भाई दूज, 15 नवंबर रविवार को सूर्य षष्ठी पूजा का पर्व मनाया जायेगा। यह जानकारी विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज जिला संगठन धमतरी के जिला स्तरीय सम्मेलन में समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत बनाने चर्चा हुई। विशेष योगदान देने तथा अपनी उपलब्धि से सामाज को गौरवान्वित करने वाले सामाजिकजनों का सम्मान किया गया।

गोकुलपुर वार्ड के सत्संग भवन में आयोजित जिलास्तरीय यादव सम्मेलन में नगरी-सिहावा, मगरलोड, कुरूद, धमतरी, भखारा क्षेत्र से कोसरिया यादव समाज के लोग सम्मिलित हुए। कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी के तत्वावधान में आयोजित इस जिला स्तरीय सामाजिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जोहन सिंह यादव ने की। । जिलाध्यक्ष जोहन सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से सम्पन्न होने पर समाज के विकास को गति मिलती है। सहयोग राशि हर ब्लाक से समय पर जमा होने पर सामाजिक गतिविधि बेहतर ढंग से संचालित होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष घुरउराम यादव ने कहा कि आपसी सहभागिता से ही हर सामाजिक कार्य सफल होते हैं।

जिला उपाध्यक्ष नन्द यादव, जिला सचिव रामेश्वर यादव, धमतरी ग्रामीण अध्यक्ष बलराम यादव, चद्रभान यादव नगरी, फग्गूराम यादव मगरलोड, खिलेश्वरी यादव सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी समाज उत्थान तथा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। मंच संचालन सारंगपुरी सरपंच रामकुमार यादव एवं शिक्षक नेतूराम यादव ने किया। सम्मेलन समापन के पहले सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर समाज की निराश्रित महिला मिलंतीन बाई यादव रिसाईपारा द्वारा अपने मकान को नगर इकाई धमतरी को दान करने पर उनका विशेष सम्मान किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड संघ धमतरी के अध्यक्ष चुने जाने पर शिक्षक नेतूराम यादव तथा सम्मेलन कार्यक्रम के लिए बेहतर व्यवस्था करने पर संरक्षक हंशु यादव का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।





